## महत्वपूर्ण एवं खास

## अमर अग्रवाल वार्ड क्रमांक 3, 13 एवं 26 में करेगें जनसम्पर्क

बिलासपुर,(आरएनएस)। प्रदेश के नगरीय निकाय, वाणिज्यिक कर, उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम विभाग मंत्री तथा नगर विधायक अमर अग्रवाल आज 13 मार्च 2018 मंगलवार को जन सम्पर्क यात्रा के तहत् प्रातः 10 बजे से वार्ड क्रं.- 13 अम्बेडकर नगर के महेश चंद्रिकापूरे के घर से होते हुए उसके आस पास के गलियों में जनसंपर्क करेगें। दोपहर 3.30 बजे वार्ड क्रं.- 3 नेहरू नगर के मैथलिशरण गुप्त गार्डन, शांति नगर, सिद्ध शिखर फेस-2 से ठेठा डबरी तक जनसंपर्क करेगें। तत्पश्चात् सायं 5.30 बजे वार्ड क्रं.- 26 पं.मुन्नलाल शुक्ल नगर के हरदेवलाल मंदिर चौक से आदर्श चौक होते हुए मुन्नलाल स्कूल से कदमपारा वाल्मिकी चौक होते हुए पं. देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन लालबहादुर स्कूल तक जनसंपर्क करेगें।

## मसीही समाज के 925 तीर्थ यात्री विशेष ट्रेन से रवाना हुए वेलांगनी सेन्ट

रायपुर, (आरएनएस)। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के मसीही समाज के 925 बुजुर्ग यात्री आज राजधानी रायपुर से विशेष ट्रेन में वेलांगनी, सेन्ट सेवास्टियन और श्राईन बेसलिका के पवित्र चर्चो की यात्रा के लिए रवाना हुए। समाज कल्याण मंत्री रमशीला साहू ने यहां रेल्वे स्टेशन में इस विशेष रेल गाड़ी को हरी झण्डी दिखाई और यात्रियों को शुभकामनाओं सहित तीर्थाटन के लिए रवाना किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के मनोनीत विधायक बर्नार्ड रोड्रिग्स भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि इस तीर्थ यात्रा में राज्य के विभिन्न जिलों के मसीही (ईसाई) समुदाय के यात्री शामिल हैं, जो आज से 16 मार्च तक चलेगी। यात्रा में रायपुर जिले के 62, बलौदाबाजार जिले के 42, गरियाबंद जिले के 24, महासमुंद जिले के 41, धमतरी जिले के 34 और दुर्ग जिले के 101 यात्री शामिल हैं। उनके साथ बालोद जिले के 13, बेमेतरा जिले के 17, राजनांदगांव जिले के 47, कबीरधाम जिले के 29, बिलासपुर जिले के 65, रायगढ़ जिले के 24 और कोरबा जिले के 48 यात्री भी रवाना हुए हैं। तीर्थ यात्रियों के इस जत्थे में मुंगेली जिले के 17, जांजगीर-चाम्पा जिले के 63, सरगुजा जिले के 38, कोरिया जिले के 29, जशपुर जिले के 36, बलरामपुर जिले के 29, सूरजपुर जिले के 30, बस्तर (जगदलपुर) जिले के 42, कांकेर जिले के 31, कोण्डागांव जिले के 22, दंतेवाड़ा जिले के 11, सुकमा जिले के 11, नारायणपुर जिले के 05 और बीजापुर जिले के 11 यात्री भी शामिल हैं। उनके साथ समाज कल्याण संचालनालय के तीन अधिकारियों और कर्मचारियों को सहयोग के लिए भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत वर्ष 2017-18 में फरवरी 2018 तक 35 यात्राओं के माध्यम से 32 हजार 751 यात्रियों को देश के विभिन्न तीर्थ स्थानों का निःशुल्क भ्रमण करवाया गया है।

## नर्मदा परिक्रमा यात्रा का डॉ. महंत की अगुवाई में आत्मीय स्वागत

कोरबा (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह व अमृता राय की नर्मदा परिक्रमा यात्रा का पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. चरण दास महंत ने अपने हजारों साथियों के साथ नर्मदे हर उद्घोष के साथ आत्मीय स्वागत करते हुए अगुवानी की। रविवार की देर शाम अमरकंटक पहुंचकर छग इलेक्शन कैम्पेन कमेटी के चेयरमेन व पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. चरण दास महंत ने अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और श्रीमती अमृता राय सहित परिक्रमा वासियों का स्वागत किया। अगले दिन सोमवार को दिग्विजय सिंह की नर्मदा परिक्रमा यात्रा प्रातरू 11 बजे मार्कण्डेय आश्रम से विधि-विधान व पूजन-अर्चन के साथ प्रारंभ हुई। यह यात्रा अरण्डी आश्रम पहुंची जहां पर भी मां नर्मदे की पूजा-अर्चना की गई। लगभग 10 किलोमीटर तक चली नर्मदा परिक्रमा यात्रा शाम कपिलधारा पहुंची। इस यात्रा में छत्तीसगढ़ के लगभग ढाई हजार से अधिक मां नर्मदा के भक्तजनों के साथ-साथ कांग्रेसजनों ने भागीदारी निभाई। पूर्व मुख्यमंत्री की नर्मदा परिक्रमा यात्रा में साथ चल रहे उनकी धर्मपत्नी सहित सैकड़ों यात्रियों के नर्मदा उद्गम स्थल पहुंचते ही वातावरण बदला-बदला सा नजर आने लगा। 26 सौ किलोमीटर से भी अधिक की पदयात्रा कर चुके नर्मदा परिक्रमा वासियों के मुख से केवल नर्मदे हर का उद्घोष निरंतर सुनाई पड़ता रहा। तेज धूप के बीच चेहरे पर आध्यात्म की चमक लिए असीम धैर्य के साथ फुर्ती से आगे बढ़ते हुए शख्स को देखकर पूर्व केन्दीय मंत्री डॉ. चरण दास महंत के साथ गये हजारों लोगों ने दिग्गी राजा व रानी अमृता राय का आशीर्वाद लिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने बेहद आत्मीय अंदाज में सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए सबको नर्मदे हर कह कर आर्शीवाद दिया। उन्होंने कहा कि विजयादशमी पर्व से यह यात्रा प्रारंभ हुई है जिसमें मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की जनता जनार्दन का जो अपार स्नेह और मां नर्मदे के प्रति श्रद्धा दिख रही है उससे मैं अभिभूत हूं। कोरबा, बिलासपुर, जांजगीर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़, मरवाही, रायपुर, चिरमिरी से गए कांग्रेसजनों ने परिक्रमा वासियों का अभिनंदन कतारबद्ध होकर किया। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की नर्मदा परिक्रमा यात्रा में चल रहे साधु-संतों का छत्तीसगढ़ के परंपरागत कर्मा नृत्य से नर्तक दल ने रविवार को पद यात्रा में साथ निभाया।

## विकास की पर्याय है भाजपा, इसीलिए जनता का आशीर्वाद भाजपा के साथ



रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ प्रदेश के कृषि एवं सिंचाई मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज माँ महामाया से आशीर्वाद लेकर जन आशीर्वाद यात्रा की शुरुआत की। इस दौरान आयोजित विभिन्न सभाओं में उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय जनता पार्टी विकास की पर्याय है। भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र व राज्य की सरकार सर्वांगीण विकास के कामों को तेज गति से करती जा रही है। समाज का हर तबका समृद्ध हो, वह मुख्यधारा से जुड़े ऐसा प्रयास किये जा रहे है। हम हर वो काम कर रहे है जिससे जनता को फायदा मिले, उनकी तकलीफे दूर हो। विकास का यह क्रम निरंतर जारी रहे इस हेतु पुनः आशीर्वाद लेने हम आप जनता के बीच है। इस यात्रा में जिस तरह का आशीर्वाद और प्रेम जनता जनार्दन का मिल रहा है वह हमे हर्षित करने वाला हमारे कामों की सार्थकता को सिद्ध करने वाला है। अग्रवाल के साथ इस यात्रा में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सुनील सोनी, संनिर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष मोहन एन्टी,श्रम कल्याण मंडल के उपाध्यक्ष सुभाष तिवारी,आरडीए उपाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर,वर्धमान सुराना, ओमप्रकाश पुजारी,हेमलता चंद्राकर आदि वरिष्ठ भाजपा नेतृत्व यात्रा में शामिल रहे। आज की इस यात्रा ने माँ महामाया मंदिर वार्ड 62,विपिन बिहारी सूर वार्ड (मठपारा) 56,शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड (टिकरा पारा) 55 तथा राजीव पांडे वार्ड 54 का भ्रमण किया। माँ महामाया मंदिर में पूजा पश्चात, गजराज चौक,गोवर्धन चौक,गणपत सिंधी स्कूल चौक,कूकरी पारा,दुधाधरी मंदिर,बजरंग चौक,आदर्श चौक,भगत सिंह चौक, राम चौक, सिद्धार्थ चौक, हरदेवलाल चौक, संजय नगर,झंडा चौक,मिलन चौक, रामजानकी मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर मेन रोड संजय नगर भ्रमण पश्चात आज के यात्रा समाप्त हुई। इस जन आशीर्वाद यात्रा में बृजमोहन अग्रवाल के साथ हज़ारों भाजपा कार्यकर्ताओं के आमजनों ने भी अपनी सहभागिता दिखाई। बृजमोहन के आशीर्वाद यात्रा का अभिनंदन करने क्षेत्र की मातृ शक्तियां आरती की थाल लेकर खड़ी रही। उन्होंने रायपुर शहर की पहचान, 6 बार के अपने लाडले वधायक बृजमोहन अग्रवाल की आरती उतारी और आशीर्वाद प्रदान किया। मुस्लिम यंग कमेटी सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व नागरिक समितियों,मोहल्ला विकास समितियों द्वारा फूल-मालाओं और आतिशबाजियों से यात्रा का अभिनंदन किया गया। इस दौरान कूकरी पारा,सुभाष नगर में आयोजित कार्यक्रम में अग्रवाल ने बुजुर्गों को साल फल प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस जन आशीर्वाद यात्रा में युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री संजु नारायण सिंह,प्रदेश भाजयुमों मंत्री अमित साहू, जिला भाजपा कोषाध्यक्ष योगी अग्रवाल, मुकेश शर्मा, रश्मि शर्मा, हरिवल्लभ अग्रवाल,उर्दू अकादमी के सदस्य ज़की अहमद, रामकृष्ण धीवर, जोन अध्यक्ष सालिक सिंह ठाकुर, यादराम साहू,पार्षद मनोज वर्मा,विवेक वर्धन,किरण साहू,राकेश सिंह,अनुराग अग्रवाल,डॉ उपेंद्र त्रिवेदी,मंडल भाजपा अध्यक्ष चूड़ामणि निर्मलकर,मुकेश पंजवानी, विनय ओझा, सचिन मेघाणी,सुमित शर्मा,अनुराग पांडे,प्रशांत सिंह ठाकुर,बिहारी साहू,अजय साहू,रामकिंकर सिंह, किशन व्यास,जी बिहारी होतवान ,केके अवधिया,कुशल चंद्राकर, सजल वास्तव,संजय सिंह,केदार धनगर, राकेश बाफना,राज गायकवाड़, रश्मि शर्मा,शशि अग्रवाल, हेमलता चंद्राकर,सरिता वर्मा,सीमा सिंह, सविता साहू,मनीषा चंद्राकर, तरल सोलंकी, अजय सोनी,प्रवीण देवड़ा,बॉबी खनूजा,नरेंद्र देवांगन,रवि भूते,श्रेयांश दसानी, राहुल जैन,दिव्यांश सक्सेना, पायल अंबवानी,फैज़ल खान,नासिर खान,अंबर अग्रवाल,गौरव कुमार,बसंत विश्वकर्मा,अतुल यादव,युवराज साहू,रेहाना खान,सुभद्रा तंबोली,पिंकी कुरैशी,सुनीता पटवा,गीता ठाकुर, अनिल यदु, अविनाश देवांगन,करण यदु,लव यदु, मनीष यदु,ज्ञानेश्वर यदु,याकूब गनी,चक्रों जगत, प्रणय तिवारी सहित हज़ारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लोक सुराज अभियान राष्ट्रीय स्तर पर एक सोशल ऑडिटिंग की तरह



रायपुर,(आरएनएस)। लोक सुराज अभियान राष्ट्रीय स्तर पर एक सोशल ऑडिटिंग की तरह है जो अपने आप में एक मिसाल से कम नहीं। मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने यह बातें आज बिलासपुर के नवीनीकृत प्रेस क्लब भवन के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कहीं। अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री रमन सिंह आज शाम 6 बजे बिलासपुर प्रेस क्लब पहुंचे और नवीनीकृत प्रेस क्लब भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से चर्चा की। डा. सिंह ने एक सवाल के जवाब में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वो जहां से चाहे चुनाव लड़े हम उनका स्वागत करते हैं लेकिन वो अपनी बातों पर कायम नहीं रहते। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका लोगों से जुड़ने का अभियान लगातार चलते रहेगा और उन्होंने आगामी 200 दिनों तक की अपनी कार्ययोजना तैयार कर ली है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री ने मजाकिया अंदाज में कहा कि उनका गोद बहुत बड़ा है ना जाने कौन कौन उनके गोद में समाने की कोशिश करता है। धरमलाल कौशिक के राज्यसभा उम्मीदवार नहीं बनाए जाने के संदर्भ में उन्होंने कहा कि कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय पार्टी का शीर्ष नेतृत्व लेता है और हम उसका स्वागत करते हैं। प्रेस क्लब पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री ने लोक सुराज अभियान और विभिन्न की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक भी ली।

## सरोज पांडेय का राज्यसभा में जाना महिला सशक्तिकरण का प्रतीक



रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ प्रदेश के इतिहास में पहली बार भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा में आधी आबादी का प्रतीक सुश्री सरोज पांडेय को राज्यसभा में भेजने का निर्णय लिया है। इसके लिए पीएम मोदी एवं पार्टी अध्यक्ष अमित शाह को कोटि-कोटि बधाई। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कु. सरोज पांडेय पहली बार छत्तीसगढ़ का राज्यसभा में नेतृत्व करेंगी। यह आधी आबादी को पार्टी की ओर से दिया गया अनोखा तोहफा है। यह सदविचार भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ की जिला संयोजिका श्रीमती ऋतु शर्मा सिंह ने व्यक्त करते हुए कहा कि राज्यसभा में अपने तेज तर्रार स्वभाव के चलते छत्तीसगढ़ की समस्याएं पूरी दमदारी से सरोज पांडेय उठायेंगी। ऐसा उन्हें आशा ही नहीं वरन पूर्ण विश्वास है। ज्ञातव्य है कि सरोज पांडेय पूर्व में भी भाजपा राष्ट्रीय मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुकी है। अपने कार्यकाल की शुरूआत दुर्ग नगर निगम से महापौर के रूप में शुरू करने वाली सुश्री सरोज शुरू से ही जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रही है। पार्टी ने उनकी नेतृत्व क्षमता को परख कर उन्हें राज्यसभा के लिए चयनित किया है। यह प्रदेश की 3 करोड़ जनता का सम्मान है।

## फेसबुक में दोस्ती कर महिला प्रोफेसर से 21 लाख रुपए ठगे

कोरबा (आरएनएस)। शहर के एमपी नगर निवासी रिटायर्ड महिला प्रोफेसर मंजूला पांडेय के फेसबुक पर एक नाइजीनियरन ने दोस्ती की थी। जिसने स्वयं को रसियन नागरिक व बहुत धनवान बताया था। आगे चेटिंग करते हुए उसने महंगे गिफ्ट देने के बहाने से महिला को झांसे में लिया लेते हुए 21 लाख रुपए की ठगी की थी। मामले की लिखित शिकायत पर रामपुर पुलिस ने जांच के बाद एक माह पहले आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का एफ आई आर दर्ज किया था। मामले साइबर सेल की जांच में दिल्ली के नाइजीरियन गिरोह के सदस्य की संलिप्तता का पता चला। जिसके बाद आरोपी की पतासाजी व गिरफ्तारी के लिए पुलिस की एक टीम दिल्ली भेजी थी। जो 3 दिन दिल्ली में रहते हुए मयूरगंज से आरोपी नाइजीरियन चार्ल्स वारेन को पकड़ा। उसे स्थानीय कोर्ट में पेश करके ट्रांजिट रिमांड पर लिया। दिल्ली से उसे फोर व्हीलर में बिठाकर सड़क मार्ग से कोरबा लाया गया। गिरफ्तार आरोपी नाइजीरियन चार्ल्स वारेन को रामपुर पुलिस ने सोमवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लेने का आवेदन किया। कोर्ट ने 3 दिन की रिमांड अवधि स्वीकार की है। अब पुलिस उससे विस्तृत पूछताछ करते हुए साक्ष्य जुटाएगी। पूछताछ के बाद कई ठगी के मामले का खुलासा हो सकता है। कोरबा पुलिस की टीम साइबर लोकेशन को ट्रेस करते हुए दिल्ली के मयूरगंज क्षेत्र में पहुंची। जहां नाइजीरियनों की कालोनी में आरोपी चार्ल्स वारेन को गिरफ्तार करने के लिए दिल्ली पुलिस ने टीम का सहयोग किया। अंधेरे में गिरफ्तार करने के बाद आधी रात को वहां के मजिस्ट्रेट ने कोर्ट लगाया। जहां नाइजीरियन को पेश करके ट्रांजिट रिमांड पर लिया गया। सोमवार की दोपहर रामपुर चौकी में पुलिस नाइजीरियन आरोपी चार्ल्स वारेन से पूछताछ करने एडिशनल एसपी कीर्तन राठौर डीएसपी रितेश श्रीवास्तव पहुंचे। नाइजीरियन अंग्रेजी में बातचीत कर रहा था। इस दौरान वह अपनी क्षेत्रीय भाषा भी बोलता था। इस कारण अधिकारियों के समझ में ज्यादा बात नहीं आई। जिसके बाद एसपी मयंक श्रीवास्तव उससे पूछताछ के लिए रामपुर चौकी पहुंचे।

## 51 दुल्हो की एक साथ निकलेगी बारात

रायपुर, (आरएनएस)। संत माता कर्मा आश्रम समिति छग के तत्वावधान में माता कर्मा की 1002 वीं जयंती पर्व के अवसर पर आज भामाशाह छात्रावास टिकरापारा में आदर्श सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जा रहा है। समारोह में 51 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। इसके लिए सुबह से विवाह की रश्में शुरू हो गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे माता कर्मा की पूजा आरती से किया गया। तत्पश्चात हरिद्रालेपन, मौरसोपाई के बाद दोपहर करीब 2.30 बजे दुल्हों की बारात निकाली जाएगी। दूल्हों की बारात छात्रावास से प्रारंभ होकर नंदी चौक टिकरापारा सिद्धार्थ चौक होकर विवाह स्थल पहुंचेगी। तत्पश्चात लग्न की रस्म वेदांताचार्य सुकृत साहेब शास्त्री कबीर आश्रम सेलूद के सानिध्य में होगा। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री रमशीला साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी, वहीं छग पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष डा. सियाराम साहू प्रथम सोपान की अध्यक्ष पूर्व विधायक नंदकुमार साहू व द्वितीय सोपान की अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष विपीन साहू भी मौजूद रहेंगे।

## अभी से भीषण गर्मी के आसार, पारा 36 के पार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश में तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। न्यायधारी बिलासपुर में जहां पारा 37 डिग्री तक पहुंच गया है तो वहीं रायपुर में भी दिन की धूप अब असहनीय हो गई है। मौसम विभाग के नियमित रिपोर्ट की माने तो प्रदेश में मौसम पूरी तरह से शुष्क हो गया है। हवा में नमी की मात्रा कम होते ही दिन में सूरज की धूप अब चुभने लगी है। मैदानी इलाकों के साथ ही पहाड़ी इलाकों में तापमान तेजी से बढ़ने लगा है। बात न्यायधारी बिलासपुर की करें तो यहां प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्मी पड़नी शुरू हो गई है। गत वर्ष भी बिलासपुर में रिकार्ड तोड़ भीषण गर्मी दर्ज की गई थी। सोमवार को यहां का अधिकतम तापमान 37 डिग्री तक पहुंच गया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस वर्ष भीषण गर्मी पड़ने वाली है। इधर राजधानी रायपुर में भी तापमान तेजी से बढ़ने लगा है। दिन में सूरज की धूप असहनीय हो गई है। यहां दिन में अधिकतम तापमान का ग्राफ 36 डिग्री तक पहुंच चुका है। मौसम विभाग ने पहले से ही जता दिया था कि इस वर्ष भीषण गर्मी पड़ने वाली है। यह पूर्वानुमान अब सच साबित हो रही है, अभी मार्च का प्रथम पखवाड़ा चल रहा है। अभी से तापमान का ग्राफ 36-37 डिग्री तक पहुंच चुका है। लिहाजा यह कहना भी गलत नहीं होगा कि माहांत तक अधिकतम तापमान का आंकड़ा 40 डिग्री तक पहुंच जाएगा। ग्रीष्म ऋतु की एक तरह से अभी शुरूआत है,

## नक्सली वारदात के सप्ताह भर बाद भी आंध्र और तेलंगाना की बसें नहीं चल रहीं

जगदलपुर (आरएनएस)। गत सप्ताह सुकमा जिले के दोरनापाल के पास नक्सलियों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर तीन यात्री बसों सहित ट्रकों में आगजनी की थी। जिसके कारण आन्ध्र और तेलंगाना की ओर जाने वाली बसों का आवागमन संबंधित राज्यों द्वारा बंद कर दिया गया था। इन बसों को 10 मार्च के बाद चलने की संभावना थी। लेकिन अभी भी इन राज्यों की परिवहन एंजेटों द्वारा अगले सप्ताह से चलाये जाने की संभावना व्यक्त की है। इससे बसों का चलना अभी भी अनिश्चत बना हुआ है। इस संबंध में यह एक विशेष तथ्य है कि सुकमा जिला मुख्यालय और जगदलपुर सहित लौहनगरी किंरदुल से आन्ध्र और तेलंगाना राज्यों की स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन द्वारा बसों का संचालन किया जाता है। अभी भी इन राज्यों द्वारा छत्तीसगढ़ में बसें भेजने की कोई तत्परता नहीं दिखाई जा रही है। जिससे हैदराबाद, विजयवाड़ा सहित अन्य शहरों की ओर जाना यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। उल्लेखनीय है कि नक्सलियों ने अपने दस साथियों के सुरक्षाबलों के द्वारा मार दिये जाने के प्रतिकार स्वरूप इन बसों को जलाया था और लगभग बसों में सवार ढाई सौ से अधिक यात्रियों को सुदुर क्षेत्र में उतार कर भारी परेशानियों में डाल दिया था। वर्तमान में हैदराबाद की ओर एक निजी ट्रांसपोर्ट की दो बसें जा रही है, लेकिन यात्रियों की संख्या को देखते हुए यह पर्याप्त नहीं हैं। उधर विजयवाड़ा जाने के लिए एक अन्य निजी ट्रांसपोर्ट की एक मात्र बस चल रही। जिसके कारण यात्रियों की परेशानियों का सिलसिला गत सप्ताह से शुरू हुआ था अभी तक थम नहीं पाया है।

## 7 सूत्रीय मांगों को लेकर छग रसोईया महासंघ 28 को देगा प्रदेश स्तरीय धरना

रायपुर,(आरएनएस)। भारतीय मजदूर संघ से संबध्द छत्तीसगढ़ रसोईया महासंघ मानदेय वृध्दि, नियमितीकरण, पेंशन, चिकित्सा सुविधा एवं कार्य के घंटों सहित 7 सूत्रीय मांगों को लेकर पूर्व में भी महिला एवं बाल विकास मंत्री, प्रमुख सचिव एवं मुख्य सचिव तथा मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर अनेकों बार मांगों की पूर्ति किए जाने का आग्रह कर चुका है। बावजूद इसके अभी तक मांगें पूर्ण नहीं हुई है। संघ की प्रांतीय महासचिव श्रीमती प्रमिला देवांगन ने सोमवार को चंगोराभाठा में हुई बैठक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम चरण में सभी जिलों के कलेक्टरों को धरना प्रदर्शन के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा। 16 मार्च से प्रारंभ धरना प्रदर्शन के उपरांत भी मांगें पूर्ण नहीं होती है तो रसोईया महासंघ के सदस्य बूढ़ापारा धरना स्थल में 28 मार्च को प्रदेश स्तरीय धरना देंगे।

## मुख्यमंत्री ने सौभाग्य रथ और आवास रथ को दिखाई हरी झण्डी

रायपुर, (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रदेशव्यापी लोक सुराज अभियान के तहत बिलासपुर प्रवास के दौरान आज शाम वहां कलेक्टोरेट परिसर में प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) के प्रचार-प्रसार के लिए सौभाग्य रथ को तथा आवासीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए आवास रथ को हरी झण्डी दिखाकर जिले के भ्रमण के लिए रवाना किया। आवास रथ के जरिए छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की दीनदयाल आवास योजना, अटल आवास योजना, अटल विहार योजना, सामान्य आवास योजना और कमजोर आय वर्ग के लिए संचालित आवासीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सौभाग्य योजना के तहत बिजली कनेक्शन प्राप्त तीन महिलाओं - श्रीमती डंकेश्वरी महिलांगे, श्रीमती सवित्री पटेल और श्रीमती सुलोचना देवी पटेल को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। इस अवसर पर वाणिज्य और उद्योग मंत्री अमर अग्रवाल, खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री पुन्नूलाल मोहले, लोकसभा सांसद लखनलाल साहू, कलेक्टर बिलासपुर पी. दयानंद और अन्य संबंधित वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।